केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक-ए0/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800023

(वेबसाईट- www.csbc.bih.nic.in)

विज्ञापन सं0 02/2009 से संबंधित एम0जे0सी0 सं0 125/2015 अनुप कुमार एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य के आलोक में योगदान संबंधी सूचना

एम0जे0सी0 सं0 125/2015 अनुप कुमार एवं अन्य बनाम राज्य एवं अन्य तथा अन्य समरूप मामलों में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 25.11.2019 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन सं0 02/2009 के अंतर्गत बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु 1248 अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के ज्ञापांक 01/के0च0प0(प0परि0), दिनांक 29.01.2020 के माध्यम से वेबसाईट पर प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों को दिनांक 05.02.2020 से दिनांक 05.03.2020 तक आवंटित जिलों / इकाईयों में योगदान करने का निर्देश दिया गया था। इस संबंध में कई अभ्यर्थियों एवं जिलों / इकाईयों से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया कि अनेक चयनित अभ्यर्थी उक्त अवधि में आवंटित जिला / इकाई में अपना योगदान नहीं कर सके हैं।

ऐसी स्थिति में इस कार्यालय के निम्न ज्ञापांकों से निर्गत पत्र के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों का योगदान की तिथि निम्ननुसार दो बार विस्तारित की गयीः-

1. पत्रांक 09/के0च0प0(सू0), दिनांक 20.03.2020 के माध्यम से योगदान की तिथि दिनांक 30.04.2020 तक विस्तारित की गयी।
2. पत्रांक 404/के0च0प0, दिनांक 04.06.2020 के माध्यम से योगदान की तिथि दिनांक 30.06.2020 तक विस्तारित की गयी।

इस संबंध में पुनः कई अभ्यर्थियों एवं जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत दिनांक 25.03.2020 से लॉकडाउन किए जाने के कारण कई चयनित अभ्यर्थी विस्तारित तिथि 30.06.2020 तक आवंटित जिला / इकाई में योगदान नहीं कर सके है।

ऐसी स्थिति में कोविड-19 तथा लॉकडाउन की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए योगदान की तिथि दिनांक 10.09.2020 तक विस्तारित की जाती है। इस तिथि (10.09.2020) के उपरान्त किसी भी आधार पर अभ्यर्थियों को कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। आवंटित जिला / इकाई पूर्ववत् रहेगी। यह सूचना पर्षद की वेबसाईट **www.csbc.bih.nic.in** पर "**Bihar Police Tab**" पर भी उपलब्ध है।

ज्ञापांक 30/के0च0प0(सू0),
दिनांक- 10.08.2020

अध्यक्ष,
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
बिहार, पटना।